निरीक्षण प्रतिवेदन

सत्यमेव जयते

प्रखण्ड कार्यालय : फुलपरास

निरीक्षण की तिथि : 23–12–2002

डा० बी० राजेन्दर
भा०प्र०से०
जिला पदाधिकारी, मधुबनी

डा० बी० राजेन्दर,भा०प्र०से०,जिला पदाधिकारी,मधुबनी द्वारा दिनांक 23-12-2002 को प्रखंड कार्यालय ,फुलपरास का किये गये निरीक्षण का अभिलिखित निरीक्षण टिप्पणी ।

§1§ परिचय:-

फुलपरास प्रखंड कीस्थापना ग्रामीण विकास विभाग की अधिसूचना संख्या 2920 दिनांक 31-3-1997 के द्वारा हुई । यह प्रखंड घोघरडीहा प्रखंड से विभक्त होकर दिनांक 31-3-1997 को अस्तित्व में आया । जिला मुख्यालय से इस प्रखंड की दूरी लगभग 65 कि०मी० है और अनुमण्डल मुख्यालय से इसकी दूरी मात्र 2 कि०मी० है । इस प्रखंड में आने जाने हेतु आवागमन के लिए बस/ट्रेकर उपलब्ध है । इस प्रखंड का निकटतम रेलवे स्टेशन घोघरडीहा है,जो प्रखंड मुख्यालय से 12कि०मी० की दूरी पर दक्षिण में है जो सड़क मार्ग से जुड़ा हुआ है । इस प्रखंड से 8 कि०मी० की दूरी पर प्रसिद्ध जागेश्वर महादेव मंदिर है,जो घोघरडीहा प्रखंड में है और सुप्रसिद्ध परसा सूर्यमंदिर बगल के झंझारपुरप्रखंड में है । इतिहास प्रसिद्ध कमलादित्य स्थान निकट के अंधराठाढ़ी प्रखंड में है ।

भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन में इस प्रखंड ने अग्रणीभूमिका अदा की थी । सुप्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी पं० कपलेश्वर झा शास्त्री,ग्राम-फुलपरास को भारत के प्रथम माननीय राष्ट्रपति डा० राजेन्द्र प्रसाद ने घर पर आकर सम्मानित किया था । अन्य प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों में स्व० देव नारायण गुरमैता,ग्राम-गोड़ियारी,पं० देवनारायण तिवारी,फुलपरास,पं० काशीनाथ झा,खोपा,स्व० देवकृष्ण कुँवर,धर्मडीहा,स्व० नसीब लाल यादव,सिसवाबरही ,स्व० जीवछ यादव तथा स्व० रसिक लाल यादव के नाम अग्रगण्य हैं । प्राकृतिक रूप से यह गेहूमा एवं भूतही बलान नदियों से घिरा है । प्रति वर्ष इसके प्रकोप को झेलने के लिए फुलपरास के लोग अभिशाप्त हैं । निरीक्षण के क्रम में अनुमण्डल पदाधिकारी,फुलपरास एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी,फुलपरास उपस्थित थे । इस प्रखंड के संबंध में सामान्य सूचनाएँ निम्नप्रकार हैं :-

§क§ चौहद्दी :-

इस प्रखंड के उत्तर में खुटौना प्रखंड,दक्षिण में घोघरडीहा प्रखंड,पूरब में लौकही तथा पश्चिम में अंधराठाढ़ी प्रखंड का क्षेत्र है ।

§ख§ जनसंख्या :-

वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार कुल जनसंख्या :- 1,30,019

लगातार.... 2/-

	कुल पुरूषों की संख्या	–	66,782
	कुल महिलाओं की संख्या	–	63,237

(ग) विद्यालय/महाविद्यालय :-

	कुल प्राथमिक विद्यालयों की संख्या	–	48
	कुल मध्य विद्यालयों की संख्या	–	11
	कुल उच्च विद्यालयों की संख्या	–	05
	कुल महाविद्यालयों की संख्या	–	01 (गैर अंगीभूत)
	कुल बुनियादी विद्यालयों की संख्या	–	01
(घ)	प्रखंड का कुल क्षेत्रफल	–	16,934.63 हे0
(ङ)	कुल कृषि योग्य भूमि	–	12,546.04 हे0
	सिंचित भूमि	–	4,573.00 हे0
	उच्च भूमि	–	3,134.01हे0
	मध्य भूमि	–	4,706.00 हे0
	नीची भूमि	–	4,706.00 हे0
(च)	असिंचित भूमि	–	7,973.01 हे0
	उच्च भूमि	–	1,567.01 हे0
	मध्य भूमि	–	2,700.00 हे0
	नीची भूमि	–	3,706.00 हे0
(छ)	कुल राजस्व ग्रामों की संख्या	–	42
	बेचिरागी ग्रामों की संख्या	–	2 (तौफिर -126 थाना नं0 एवं ब्रह्मोत्तरा-
(ज)	कुल हल्कों की संख्या	–	07
(झ)	कुल ग्राम पंचायतों की संख्या	–	14
(ट)	कुल सहकारिता पैक्स की संख्या	–	08
(ठ)	कुल थाना	–	01
(ड)	जिलापरिषद प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र	–	03
(ढ)	पंचायत समिति प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र	–	21

लगातार.... 3/-

§त§	पंचायत सदस्यों की संख्या	–	200
§थ§	रेफरल अस्पताल की संख्या	–	1
§द§	स्वास्थ्य उपकेन्द्रों की संख्या	–	4
§ध§	अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्रों की संख्या	–	3
§न§	पशु चिकित्सालयों का संख्या	–	1
§प§	पशु चिकित्सा उपकेन्द्र कीसंख्या	–	3
§फ§	विद्युत सबस्टेशन की संख्या	–	1
§ब§	राजकीय नलकूपों की संख्या	–	27
§भ§	निजी नलकूपों की संख्या	–	626
§म§	कुल तालाबों की संख्या	–	65
§य§	डिजल चालित पम्प सेट	–	448
§र§	नहर/नदी	–	छरपिट्टी/सिसवार/फलकाही-नहर,भुतही बलान/गेहूमानदी
§ल§	व्यवसायिक बैंकों की संख्या	–	1§इलाहाबाद बैंक§मनसापुर§,फुलपरास
§व§	क्षेत्रीय ग्रामीण। बैंकों की संख्या	–	3
§श§	दूरसंचार केन्द्र की संख्या	–	1
§ष§	कुल जनवितरण प्रणाली दुकानदारों की सं0	–	72
§स§	गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले सर्वेक्षित परिवारों की संख्या	–	11701

§2§ भवन :-

प्रखंड कार्यालय अपने निजीभवन में अवस्थित है । प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण किया गया है । स्थिति अत्यन्त ही जर्जर है । बताया गया कि इसका निर्माण भी अधुरा है ,जिसके कारण कार्यों के सम्पादन में कार्यालय कर्मियों को दिक्कत होती है । प्रखंड परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी का आवास बहुत ही जर्जर स्थिति में है । प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि सभी आवासीय भवनों की स्थिति दयनीय है । प्रखंड परिसर का भ्रमण किया गया । प्रखंड परिसर के पीछे बहुत सारी जमीन पड़ी हुई है । प्रखंड विकास पदाधिकारी,फुलपरास,जो अंचल अधिकारी भी [illegible] हैं,को निर्देश दिया जाताहै कि इसकी जाँच कर एक माह के अन्दर एक प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी कोभेजना सुनिश्चित करेंगे । कार्यालय एवं आवासीय भवनों की मरम्मति हेतु कार्यालय पत्रांक 24/मु0,दिनांक 19-12-02

लगातार.....4/-

द्वारा कार्यपालक अभियंता,भवन निर्माण प्रमण्डल,मधुबनी से अनुरोध किया गया है,परन्तु मरम्मति कार्य नहीं किया गया है । पुनः प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया जाता हैकि कार्यपालक अभियंता,भवन निर्माण प्रमण्डल,मधुबना को पूर्व पत्र के प्रसंग में मरम्मति हेतु अनुरोध करें एवं उसकी प्रति अधोहस्ताक्षरी को भी दें ताकि इस स्तरसे भी उन्हें निर्देशित किया जा सके ।

निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के सभीकमरों को क्रमांकित कियागया है,जो देखने में अच्छा लगता है । कार्यालय साफ-सुथरा पाया गया । प्रखंड कार्यालय के विभिन्न आलमीरा का निरीक्षण किया गया । पाया गया कि आलमीरा में पुराने संचिकाओं को वर्षवार/विषयवार वर्गीकृत नहीं किया गया है,जिसे वर्गीकृत करने का निर्देश दिया गया । प्रखंड परिसर में ही प्रवेश करने के उपरान्त दीवाल पर पुराना बोर्ड लगा हुआ पाया गया,जिसमें पुरानी योजनाओं का जिक्र है । प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया जाताहै कि बोर्ड पर नये सिरे से प्रखंड में चल रही योजनाओं का जिक्र करते हुए टंगवाना सुनिश्चित करें ताकि आम लोगों को सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी हो सके ।

(3) प्रभार :-

डा0 रंगनाथ चौधरी,अंचल अधिकारी,फुलपरास दिनांक 29-10-2002 से प्रखंड विकास पदाधिकारी के प्रभार में हैं । इनसे पूर्व श्री कुमार मिथिलेश प्रसाद,कार्यपालक दण्डाधिकारी,फुलपरास इस प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी के प्रभार में थे । श्रीदेवेन्द्र नारायण ठाकुर,दिनांक 1-9-2001 से प्रधान सहायक के प्रभार में हैं । इनके पूर्व श्री विजय नारायण लाल दास,प्रधान सहायक के प्रभार में थे । श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव,लेखा लिपिक,दिनांक 5-9-2001 से नाजीर के प्रभार में हैं । इनसे पूर्व श्रीअरूण कुमार झा,लेखा लिपिक नजारत के प्रभार में थे ।

प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय प्रकोष्ट में प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचल अधिकारी का पदस्थापन सूची का बोर्ड नीचे रखा हुआ पाया गया,जिसे ऊपर टंगवाने का निर्देश दिया गया । स्थापना काल से प्रखंड विकास पदाधिकारियों के पदस्थापन की स्थिति निम्नप्रकार है :-

क्रमांक	पदाधिकारी कानाम	सेवा संवर्ग	अवधि
1-	श्री अजय कुमार सिन्हा	बि0प्र0से0	11-12-87 से 12-04-89 तक
2-	श्री राम चन्द्र प्रसाद(प्रभारी)	तदैव	12-04-89 से 10-07-90 तक
3-	श्री अवध बिहारी सिंह यादव	बि0कृ0से0	10-07-90 से 03-08-96 तक

लगातार.....5/-

4-	श्री गंगाधर लाल भगत(प्रभारी)	बि0प्र0से0	03-08-96 से 06-10-96 तक
5-	श्री राम शंकर राम(प्रभारी)	तदैव	06-10-96 से 17-10-97 तक
6-	श्री नरेन्द्र कुमार सिंह(प्रभारी)	तदैव	17-10-97 से 05-02-97 तक
7-	श्री राम विलास यादव	बि0कृ0से0	05-02-97 से 22-07-98 तक
8-	श्री नरेन्द्र कुमार सिंह(प्रभारी)	बि0प्र0से0	22-07-98 से 27-07-98 तक
9-	श्री विष्णुदेव प्रसाद सिंह	बि0कृ0से0	27-07-98 से 31-10-2000 तक
10-	श्री कुमारमिथिलेश प्रसाद(प्रभारी)	बि0प्र0से0	31-10-00 से 29-10-2002 तक
11-	डा0 रंगनाथ चौधरी(प्रभारी)	बि0प्र0से0	29-10-2002 से अद्यतन

(4) स्थापना :-

इस प्रखंड में पदाधिकारी/कर्मचारी एवं अन्य स्थापना से संबंधित स्वीकृत बल की स्थिति निम्नप्रकार है :-

क्रमांक	पदनाम	स्वीकृत बल	कार्यरत बल	रिक्त
1-	प्रखंड विकास पदाधिकारी	1	0	1
2-	प्रखंड कृषि पदाधिकारी	1	-	1
3-	प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी	1	-	1
4-	प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी	1	1	-
5-	ग्राम पंचायत पर्यवेक्षक	1	-	1
6-	कनीय अभियंता	2	2	-
7-	प्रखंड सहकारिता प्र0पदाधिकारी	1	1	-
8-	प्रखंड कल्याण पदाधिकारी	1	1	-
9-	महिला प्रसार पदाधिकारी	1	1	-
10-	वरीय प्रवर कोटि सहायक	1	1	-
11-	सहायक	4	3	1
12-	कनीय लेखा लिपिक(एन0आर0ई0पी0)	1	-	1
13-	लेखा लिपिक	1	1	-
14-	अनियोजन सांकेतिक भत्ता सहायक	1	-	1
15-	उर्दू अनुवादक	1	-	1

लगातार.... 6/-

16-	सहायक उर्दू अनुवादक	1	–	1
17-	उर्दू टंकक	1	–	1
18-	ग्राम सेविका	2	1	1
19-	पंचायत सेवक	14	9	5
20-	जनसेवक	10	–	10
21-	जीपचालक	1	1	–
22-	अनुसेवक(ग्रा0वि0ख0)	3	1	2
23-	अनियोजन सांकेतिक भत्ता	1	–	1
24-	प्रमुख का आदेशपाल	1	–	1
25-	जंजीरवाहक	1	–	1
26-	रात्रि प्रहरी	1	–	1
27-	झाड़ुकश	1	+	–
	कुल:-	56	23	33

प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि विभिन्न कोटि के रिक्तियों के कारण इस प्रखंड के कार्यकलाप में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पा रही है। उन्होंने बताया कि कार्यालय पत्रांक 22/मु0 दिनांक 19-12-2002 द्वारा रिक्तियों के विरुद्ध पदस्थापन हेतु अनुरोध किया गया है। स्थापना उप समाहर्त्ता,मधुबनी को निर्देश दिया जाता है कि इस प्रखंड में रिक्तियों के विरुद्ध पदस्थापन हेतु सभी संबंधित को आवश्यक कार्रवाई हेतु पत्राचार करें।

स्वीकृत बल के अनुसार निम्नांकित पदाधिकारी/कर्मचारी का नाम/पदनाम/स्थायी पता एवंप्रखंड में योगदान देने की तिथि निम्नवत है :-

क्र0	नाम	पदनाम	स्थायी पता	योगदान की तिथि
1-	डा0 रंगनाथ चौधरी	प्र0वि0पदा0	ग्राम-सुल्तानपुर,पो0-बेरी,थाना-कुशेश्वरस्थान,जिला-दरभंगा।	29-10-2002
2-	श्री भोगेन्द्र राय,	प्र0सां0पर्यवेक्षक	ग्राम-पो0-हित्तनपुर,जिला-समस्तीपुर	20-09-1998
3-	श्री विन्देश्वर सहनी	कनीय अभियंता	ग्राम-पो0-लठुआ,जिला-समस्तीपुर	16-02-2002

लगातार...7/-

4-	श्री सर्वेशचन्द्र राय	कनीय अभियंता	ग्राम-पो०ताजपुर,मांझा, जिला-गाजीपुर(उ०प्र०)	01-05-1998
5-	श्रीउज्ज्वल कुमार निधि	प्र०स०प्र०प०दा०	दरभंगा	-
6-	श्री देवेन्द्र नारायण ठाकुर	प्र०सहायक	ग्राम-पो०-तमुरिया,प्रखंड-लखनौर जिला-मधुबनी ।	01-09-2001
7-	श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव	लेखा लिपिक	ग्राम-पो०-कलवा,पो०-साहर, जिला-मधुबनी ।	05-09-2001
8-	श्री नारायणजी झा	सहायक	ग्राम-पो०-ब्रह्मपुरा जिला-मधुबनी ।	29-05-2000
9-	श्रीकुमारशिव संतोष	सहायक	ग्राम-पो०-पिरही,थाना-बाबूबरही जिला-मधुबनी ।	15-10-2001
10-	श्रीगौतम किशोरगुप्ता	सहायक	ग्राम-पो०-मोकामा,जिला-पटना	18-12-2001
11-	श्री बाबू लाल गुप्ता	जनसेवक	ग्राम-गोठ परसाही,जिला-मधुबनी	13-02-2002
12-	श्रीमती सरोज कुमारी	ग्राम सेविका	ग्राम-किसनीपट्टी,पो०-फुलपरास जिला-मधुबनी ।	01-10-1990
13-	श्री सीतारामकेशरी	पंचायत सेवक	ग्राम-भरफोरी,पो०-बेलदारी,लौकही जिला-मधुबनी ।	08-02-2002
14-	श्री तिलचन्द्र मल्लिक	पंचायत सेवक	ग्राम-पो०-सुदय रतौली,थाना-घोघरडीहा,जिला-मधुबनी ।	10-02-2002
15-	श्री उपेन्द्र ठाकुर	पंचायत सेवक	ग्राम-धाबियाही,पो०-कछुही,थाना-लौकही,जिला-मधुबनी ।	09-02-2002
16-	श्री लक्ष्मेश्वर प्र०यादव	पंचायत सेवक	ग्राम-पो०-बसुआरी,भाया-घोघरडीहा जिला-मधुबनी ।	08-02-2002
17-	श्री राम उदार यादव	पंचायत सेवक	ग्राम-बौरहा,पो०-माधोपुर,थाना-लखनौर	09-02-2002
18-	श्री वीरेन्द्र कुमार यादव	पंचायत सेवक	सेवापुस्त अप्राप्त	
19-	श्रीसुभगलाल मोची	पंचायत सेवक	सेवापुस्त अप्राप्त ।	
20-	श्रीगंगा राउत	पंचायत सेवक	सेवापुस्त अप्राप्त ।	
21-	श्रीयुगेश्वर यादव	पंचायत सेवक	सेवापुस्त अप्राप्त ।	
22-	श्रीगणेश राय	जीपचालक	ग्राम-ब्रह्मोत्तरा,पो०-पंडौल जिला-मधुबनी ।	13-01-1994

लगातार.....8/-

23-	श्री प्रभाकर मिश्र	अनुसेवक	ग्राम-पो0-भौआड़ा, वार्ड नं0-12, जिला-मधुबनी ।	24-06-2002
24-	श्री प्रितम राम	झाड़ुकश	हौस्पीटल रोड, मधुबनी	02-12-1996

§5§ पूर्व निरीक्षण :-

इस प्रखंड का पूर्व में निम्नांकित निरीक्षी पदाधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया है, जिसकी स्थिति निम्नवत है :-

क्रमांक	निरीक्षी पदाधिकारी का नाम/पदनाम	निरीक्षण की तिथि	निरीक्षण टिप्पणी प्राप्ति की तिथि	अनुपालन की तिथि
1	2	3	4	5
1-	श्री ए0ए0मंजर, उप विकास आयुक्त, मधुबनी ।	28-07-2001	-	-
2-	श्री जगदीश शर्मा, जिलाविकास पदाधिकारी, मधुबनी ।	15-01-1993	29-01-1993	25-02-1993
3-	श्री वसीम अंसारी, जिलाविकास पदाधिकारी, मधुबनी ।	24-09-1994	06-10-1994	18-06-1995
4-	श्री ए0जेड0खाँ, अनुमण्डल पदाधिकारी, फुलपरास ।	19-12-1992	03-08-1993	-
5-	श्री रामचन्द्र प्रसाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी, फुलपरास ।	09-03-1990	31-03-1990	01-04-1990
6-	श्री उमेश चन्द्र दास, कार्यालय अधीक्षक, मधुबनी ।	21-05-1990	18-08-1990	07-09-1990

प्रत्येक निरीक्षी पदाधिकारी द्वारा किये गये निरीक्षण से संबंधित निरीक्षण टिप्पणियों का रक्षी संचिकाएँ संधारित है । रक्षी संचिका के अवलोकन से ज्ञात होता है कि इन्डेक्सिंग नहीं किया गया है । प्रधान सहायक इसका अनुपालन सुनिश्चित करें । निरीक्षण टिप्पणी के उपर्युक्त आँकड़ा के अवलोकन से यह भी स्पष्ट होता है कि इस प्रखंड का पूर्व में किसीजिला पदाधिकारी द्वारा निरीक्षण नहीं किया गया है । उप विकास आयुक्त, मधुबनी द्वारा 2001 के बाद, जिला विकास पदाधिकारी, मधुबनी द्वारा वर्ष 1994 के बाद, अनुमण्डल पदाधिकारी, फुलपरास द्वारा वर्ष 1992 के बाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारावर्ष 1990 के बाद एवं कार्यालय अधीक्षक,

लगातार... 9/-

मधुबनी द्वारा वर्ष 1990 के बाद इस प्रखंड का निरीक्षण नहीं किया गया है, जो चिन्ता की बात है । बोर्ड प्रकीर्ण नियमावली के नियम 52 एवं 80 के अनुसार प्रत्येक नियंत्री पदाधिकारी को अपने प्रशाखा का वर्ष में कम से कम दो निरीक्षण करना है, जो नहीं किया गया है । सभी निरीक्षी पदाधिकारियों को निर्देश दिया जाता है कि बोर्ड प्रकीर्ण नियमावली के तहत नियमानुसार कार्यालय का निरीक्षण सुनिश्चित करें । उपर्युक्त तालिका के अवलोकन से यह भी स्पष्ट होता है कि श्री वसीम अंसारी, जिला विकास पदाधिकारी, मधुबनी द्वारा इस प्रखंड का किये गये निरीक्षण का अनुपालन प्रतिवेदन काफी विलम्ब से किया गया है । इसके अतिरिक्त श्री ए0जेड0खाँ, अनुमण्डल पदाधिकारी, फुलपरास द्वारा इस प्रखंड का किये गये निरीक्षण का अनुपालन प्रतिवेदन अभी तक नहीं भेजा गया है, जो खेद की बात है । नियमानुसार निरीक्षण टिप्पणी प्राप्ति के एक माह के अन्दर अनुपालन प्रतिवेदन भेज दिया जाना चाहिए । यदि निरीक्षण टिप्पणी में दिये गये निर्देशों का अनुपालन नहीं होता है तो निरीक्षण का कोई अर्थ ही नहीं रह जाता है । प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया जाता है कि इसका अनुपालन भविष्य में सुनिश्चित करें ।

§6§ सेवापुस्तिका :-

बिहार बोर्ड प्रकीर्ण नियमावली के नियम 162 वि.से.सं. के नियम 288 एवं 299 के तहत वि.वि. नियमावली खण्ड-1 के नियम 101 एवं 102 के अनुसार अनुसूची-53 फार्म-80 ए.जी.बी. फार्म नं0-239 प्रपत्र में सेवापुस्तिका संधारित है । इस प्रखंड का स्वीकृत बल 56 के विरुद्ध कुल 22 बल पदस्थापित हैं, जिसमें से 15 कर्मियों का सेवापुस्त उपलब्ध है । प्रखंड में पदस्थापित विभिन्न सरकारी सेवकों का सेवापुस्तिका का अवलोकन किया गया। सेवापुस्तिका के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि सेवा सत्यापन अद्यतन है परन्तु अवकाश लेखा अद्यतन नहीं किया गया है, जो खेदजनक है । बताया गया कि निम्नांकित सरकारी सेवकों का सेवापुस्तिका उनके नाम के सामने अंकित प्रखंड से अप्राप्त है :-

1- श्री वीरेन्द्र कुमार यादव	पंचायत सेवक	अंधराठाढ़ी प्रखंड
2- श्री सुभग लाल मोची	पंचायत सेवक	खुटौना प्रखंड
3- श्री गंगा राउत	पंचायत सेवक	मधेपुर प्रखंड
4- श्री युगेश्वर यादव	पंचायत सेवक	बेनीपट्टी प्रखंड
5- श्री उज्जवल कुमार निधि	प्र0स0प्र0पदा0	हायाघाट प्रखंड

इसके अतिरिक्त श्री नारायण जी मिश्र, सहायक की सेवापुस्त में नियुक्ति पत्र की प्रविष्टि प्रथमदृष्टया गलत अंकित होने

लगातार.... 10/-

के कारण सम्पुष्टि एवं आवश्यक सुधार हेतु स्थापना उप समाहर्त्ता, मधुबनी को कार्यालय पत्रांक 888 दिनांक 14-12-2002 द्वारा सेवापुस्तिका भेजा गया है । इसी प्रकार श्री बाबू लाल गुप्ता, जनसेवक का सेवापुस्तिका महालेखाकार कार्यालय को भेजा गया है ।

प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया जाता है कि जिन सरकारी सेवकों का सेवापुस्तिका उनके पूर्व पदस्थापन कार्यालय से आना बाँकी है, उनसे पत्राचार कर अविलम्ब मंगवाना सुनिश्चित करें । इसके अतिरिक्त जिन सरकारी सेवकों का स्थानान्तरण इस प्रखंड से अन्यत्र हो गया है, उनका सेवापुस्तिका उनके नये पदस्थापन कार्यालय को भेजना सुनिश्चित करें ।

§7§ सामान्य भविष्य निधि पासबुक :-

कार्यालय में सहायक एवं अनुसेवकों के लिए सामान्य भविष्य निधि पासबुक संधारित की गयी है, परन्तु निरीक्षण के समय मात्र निम्नांकित सरकारी सेवकों का सामान्य भविष्य निधि पासबुक उपलब्ध कराया गया :-

1- श्री गणेश राय,	जीप चालक
2- श्री दिलचन्द्र मल्लिक	पंचायत सेवक
3- श्री उपेन्द्र ठाकुर	पंचायत सेवक
4- श्री लक्ष्मेश्वर प्रसाद यादव	पंचायत सेवक
5- श्रीमती सरोज कुमारी	ग्राम सेविका
6- श्री प्रभाकर मिश्र	अनुसेवक
7- श्री विन्देश्वर सिंह	कनीय अभियंता
8- श्री सीताराम केसरी	पंचायत सेवक
9- श्री गौतम किशोर गुप्ता	सहायक

प्रधान सहायक अविलम्ब स्थिति स्पष्ट करें कि अन्य कर्मियों का सामान्य भविष्य निधि पासबुक उपलब्ध है अथवा नहीं । यदि उपलब्ध है, तो निरीक्षण के समय क्यों नहीं प्रस्तुत किया गया । इस संदर्भ में वे अपना स्पष्टीकरण भी प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे ।

§8§ वेतन वृद्धि पंजी :-

इस प्रखंड में वेतन वृद्धि पंजी का संधारण किया गया है एवं सभी सरकारी सेवकों का वेतन वृद्धि से संबंधित तिथि अंकित की गयी है जिससे यह पता चल सकेगा कि किस कर्मचारी को कब वेतन वृद्धि देय है, ताकि समय पर उन्हें वेतन वृद्धि का लाभ मिल सके ।

लगातार....11/-

(9) स्टाफ पंजी :-

इस प्रखंड में कार्यरत सभी कोटि के कर्मचारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी हेतु स्टाफ पंजी का संधारण किया गया है ।

(10) सेवानिवृत्त कर्मियों की पंजी :-

इस प्रखंड में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के पेंशन संबंधी सूचना पंजी संधारित, जिसमें भविष्य में होने वाले सेवानिवृत्त कर्मचारियों के बारे में उल्लेख किया गया है । यह एक महत्वपूर्ण पंजी है । इसे हमेशा अद्यतन रखने का निर्देश दिया जाता है ।

(11) पत्राचार :-

बिहार अभिलेख हस्तक के नियम 8 खण्ड (1) एवं (11) के आलोक में पत्राचार के लिए प्राप्त एवं निर्गत पत्रों की पंजी अलग-अलग संधारित है जो प्रत्येक पंचांग वर्ष के प्रथम में खोली जाती है । विगत तीन वर्षों में प्राप्त एवं निर्गत पत्रों की स्थिति निम्नप्रकार है :-

वर्ष	प्राप्त पत्रों की संख्या		निर्गत पत्रों की संख्या
2000	542	-	818
2001	485	-	665
2002 (23-12-02)	1609	-	965 (मुख्यएवं साधारण सहित) ।

प्राप्त एवं निर्गत पत्रों की पंजी का अवलोकन किया गया । इस प्रखंड में पूर्व में मुख्य एवं साधारण पत्रों के इन्द्राज के लिए एक ही पंजी संधारित था, जिसे हाल ही में अलग-अलग किया गया है । पंजी के अवलोकन से यह भी स्पष्ट होता है कि पंजी स्तम्भ नहीं भरे गये हैं जो खेदजनक है । प्रभारी सहायक इस संबंध में अपना स्पष्टीकरण प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से समर्पित करें । रक्षी संचिका में रखे जाने वाले पत्रों की प्रविष्टि लाल स्याही से किया जाना चाहिए, जिससे यह पता चल सके कि कौन सा पत्र रक्षी संचिका में चिपकाया गया है । प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया जाता है कि इस पंजी का संधारण नियमानुसार कराना सुनिश्चित करें ।

(12) लंबित पत्रों की पंजी :-

बिहार अभिलेख हस्तक के नियम 34(ए) के अनुसार प्रत्येक लंबित पत्रों के लिए लूज सीट पर अलग-अलग सहायकवार सूची तैयार

लगातार....12/-

करनी है। साथ ही इसके लिए एक केन्द्रीय पंजी भी संधारित करना है । यह पंजी संधारित है परन्तु विधिवत रूप से संधारित नहीं किया गया है । लंबित पत्रों की सूची प्रत्येक माह की 10 वीं तारीख तक अनिवार्य रूप से घोषणा हो जाना चाहिए । पंजी में प्रतिवेदित माह की लंबित पत्रों की प्रविष्टि करने से पूर्व गत माह के जितने पत्र लंबित रह गये हों, उसे लाल स्याही से अगले माह में अग्रनित कर लिया जाना चाहिए और प्रतिवेदित माह के लंबित पत्रों की प्रविष्टि काली स्याही से किया जाना चाहिए । उक्त पंजी को निम्नांकित प्रपत्र में संधारित करने का निर्देश दिया जाता है :-§क§ गत माह तक लंबित पत्रों की संख्या §2§ प्रतिवेदित माह में प्राप्त पत्रों की संख्या §3§ प्रतिवेदित माह में निष्पादित पत्रों की संख्या §4§ लंबित पत्रों की संख्या §5§ अभ्युक्ति । इसके बाद यह भी स्तम्भ बनाना सुनिश्चित करें कि एक वर्ष से ऊपर, नौ माह से ऊपर, छः माह से ऊपर, एक माह से ऊपर एवं एक माह के अन्दर की संख्या अंकित करेंगे । निष्पादन का अर्थ है कि अन्तिम जवाब निर्गत कर देना । प्रधान सहायक इसका अनुपालन द्रुतापूर्वक करना सुनिश्चित करें ।

§13§ कर्मपुस्तिका :-

प्रखंड में कार्यरत सभी सहायकों द्वारा कर्मपुस्तिका का संधारण किया जा रहा है । श्री गौतम किशोर गुप्ता एवं श्री शिव संतोष कुमार, सहायक के कर्मपुस्तिका का अवलोकन किया गया । श्री गुप्ता के कर्मपुस्तिका में लंबित पत्रों का ब्यौरा अंकित नहीं किया गया है। इससे यह ज्ञात नहीं होता है कि कौन-कौन पत्र इनके जिम्मे निष्पादन हेतु लंबित हैं । लंबित पत्रों का सत्यापन प्रधान सहायक एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा नहीं किया गया है । प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया जाता है कि समय-समय पर सभी सहायकों के कर्मपुस्तिकाओं का निरीक्षण करें ताकि वस्तुस्थिति की जानकारी हो सके ।

§14§ कार्यपत्रक :-

बिहार बोर्ड प्रकीर्ण नियमावली के नियम-155 के अनुसार प्रत्येक सहायक के बैठने के पीछे के स्थान के ऊपर दीवाल पर सहायकों द्वारा किये जाने वाले कार्यों का ब्यौरा संधारित है । यह एक महत्वपूर्ण तालिका है। इससे यह पता चल जाता है कि कौन से सहायक किस विषय पर संचिका का निष्पादन करते हैं ।

§15§ प्रधान सहायक नोट बुक :-

प्रधान सहायक नोट बुक संधारित है, जिसमें महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में संक्षिप्त जानकारी प्रधान सहायक द्वारा लिखी ज
है ।

लगातार.....13/-

§16§ रद्दी संचिका :-

बोर्ड प्रकीर्ण नियमावली के नियम-60 एवं 120 के अनुसार रद्दी संचिका का संधारण किया जाना है । इस कार्यालय में रद्दी संचिका का संधारण किया गया है, जिसमें सरकारी अनुदेश/निदेश आदि को चिपकाया गया है । यह रद्दी संचिका सभी संबंधित सहायक के पास विषयवार रहनी चाहिए, ताकि दिये गये मार्गनिर्देश के अनुरूप वे अपने कार्यों का निपटारा नियमानुसार कर सकें। प्रखंड विकास पदाधिकारी इसका अनुपालन सुनिश्चित करेंगे ।

§17§ उपस्थिति पंजी :-

यह पंजी विधिवत संधारित की गयी है ।

§18§ आकस्मिक अवकाश पंजी :-

यह पंजी विहित प्रपत्र में संधारित है , जिसमें सभी पर्यवेक्षकों/सहायकों/अनुसेवकों का आकस्मिक अवकाश स्वीकृत करने के पश्चात् आकस्मिक पंजी में दर्ज किया जाता है ।

§19§ पंजियों की पंजी :-

इस प्रखंड में पंजियों की पंजी संधारित है । परन्तु कितने तरह की पंजियाँ इस प्रखंड में संधारित की जा रही है के संबंध में निरीक्षण प्रतिवेदन में उल्लेख नहीं किया गया है । प्रधान सहायक स्पष्ट करें कि इस प्रखंड में कितने प्रकार की पंजियाँ संधारित की जा रही है ।

§20§ चपरासी बही :-

यह पंजी संधारित है तथा इस प्रखंड से भेजे जाने वाले पत्रों का इन्द्राज इसमें किया जाता है ।

§21§ कोषागार संवाहक पंजी :-

कोषागार में विपत्र भेजने के लिए कोषागार संवाहक पंजी का संधारण किया गया है, परन्तु प्रखंड नाजीर का फोटो अभिप्रमाणित कराकर चिपकाया नहीं गया है । प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया जाता है कि प्रखंड नाजीर का पासपोर्ट साईज का फोटो अभिप्रमाणित कर कोषागार संवाहक पंजी में चिपकाना सुनिश्चित करें । कोषागार पदाधिकारी/उप कोषागार पदाधिकारी, झंझारपुर को आदेश दिया जाता है कि बिना फोटो सत्यापन का विपत्र पारित नहीं करेंगे । लगातार....14/-

§22§ आवंटन पंजी :-

यह पंजी नियमानुसार संधारित है ।

§23§ विधान सभा/लोक सभा प्रश्नों की पंजी :-

इस प्रखंड में विधान सभा/लोक सभा प्रश्नों से संबंधित पंजी का संधारण किया गया है । परन्तु कितने मामले लंवित हैं, इसका कोई जिक्र निरीक्षण प्रतिवेदन में नहीं किया गया है । प्रखंड विकास पदाधिकारी इस संबंध में स्थिति स्पष्ट करते हुए प्रमाण-पत्र दें कि एक भी मामला लंवित नहीं है ।

§24§ माननीय उच्च न्यायालय से संबंधित मामले :-

इस प्रखंड में माननीय उच्च न्यायालय से संबंधित मामले के लिए एक पंजी संधारित की गयी है । बताया गया कि एक भी मामला लंवित नहीं है ।

§25§ अंकेक्षण पंजी :-

अंकेक्षण पंजी इस प्रखंड में संधारित की गयी है, परन्तु कितने मामले लंवित हैं, इसका कोई जिक्र नहीं किया गया है । प्रधान सहायक स्पष्ट करें कि अंकेक्षण से संबंधित कितनेमामले लंवित हैं, एवं किस वर्ष तक इस प्रखंड का अंकेक्षण किया गया है ।

§26§ वाहन का लौग बुक एवं वाहन का इतिहास पंजी :-

प्रखंड जीप हेतु एक लौग बुक संधारित है एवं वाहन का इतिहास पंजी भी संधारित है । प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया जाता है कि लौग बुक में प्रत्येक माह तेल एवं कि०मी० का ब्रेक अप सुनिश्चित करें ताकि यह पता चल सके एक माह में व कितना कि०मी० चली एवं ईंधन कितना खपत हुआ ।

§27§ वेतन भरपाई पंजी :-

विभिन्न शीर्षों के लिए वेतन भरपाई का संधारण किया गया है जो शीर्षवार है ।

§28§ प्रतिवेदन एवं विवरणी :-

प्रतिवेदन एवं विवरणी भेजने हेतु तालिका संधारित है । समय प्रतिवेदन एवं विवरणी भेजने एवं इस पर नियंत्रण

लगातार.... 15

लिए यह आवश्यक है कि इसकी एक प्रति प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय प्रकोष्ठ में एवं दूसरी प्रति प्रधान सहायक के पास रहनी चाहिए, ताकि यह पता चल सके कि कौन सा प्रतिवेदन कब और कहाँ भेजा जाना है । प्रधान सहायक इसका अनुपालन दो दिनों के अन्दर करना सुनिश्चित करें ।

§29§ सामान्य रोकड़ पंजी :-

सामान्य रोकड़ पंजी टी०सी० फारम-6 में संधारित है एवं दिनांक 21-12-2002 तक लिखा गया है । बताया गया कि यह रोकड़ पंजी दिनांक 18-3-2002 से प्रारम्भ की गयी है । पूर्व संधारित पंजी के अनुसार संवरण रोकड़ 2,20,93,462=47 पैसे अग्रणित कर इस रोकड़ पंजी में लाये गये हैं ॥ सामान्य रोकड़ बही के अनुसार अन्तःशेष मो० 1,41,15,478=25 पैसे हैं जो अप्रत्याशित रूप से अधिक प्रतीत होता है । सामान्य रोकड़ बही के अवलोकन से यह भी ज्ञात होता है कि कुल 29 मदों में राशि रखी गयी है, जिसका ब्यौरा निम्नवत है :-

क्रमांक	शीर्ष का नाम	-	अवशेष राशि
1-	2515-सा०वि०	-	86,519=02
2-	2515-ग्रा०पं०	-	1,11,757=40
3-	2235-सा०सु०पें०	-	4,02,029=60
4-	रा०वृ०पेंशन	-	1,13,543=00
5-	2236-पोषाहार परिवहन	-	88,317=25
6-	सांसद कोष योजना	-	14,73,203=00
7-	विधायक कोष योजना	-	16,03,043=76
8-	दशम वित्त आयोग	-	88,317=25
9-	मातृत्व लाभ योजना	-	30,465=00
10-	इन्दिरा आवास योजना§80%§	-	38,38,694=27
11-	इन्दिरा आवास योजना§20%§	-	6,66,657=00
12-	बुन्यूनतम सेवा कार्यक्रम	-	9,62,964=00
13-	सुनिश्चित रोजगार योजना	-	12,93,555=00
14-	2225-कल्याण	-	3,99,330=00

लगातार.....16/-

15-	जवाहर रोजगार योजना	-	99,461=00
16-	पारिवारिक लाभ योजना	-	61,839=02
17-	2401-कृषि	-	2,29,673=65
18-	प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना§80%एवं20%§	-	6,49,819=00
19-	पंचायत निर्वाचन	-	1,26,626=15
20-	स्वर्ण जयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना	-	5,96,516=76
21-	प्रोत्साहन भत्ता	-	7,41,573=00
22-	2015-निर्वाचन	-	1,74,995=00
23-	जनगणना	-	17,086=35
24-	साहाय्य	-	30,649=00
25-	2230-श्रम बेरोजगारी भत्ता	-	30,090=00
26-	2202-शिक्षा	-	45,874=00
27-	अन्नपूर्णा योजना	-	3,969=00
28-	एकादश वित्त आयोग	-	66,153=00
29-	ब्याज	-	98,868=00
		कुल:-	1,41,15,478=25

उपर्युक्त राशि का वर्गीकरण निम्नप्रकार से है :-

§क§	बैंकों में जमा राशि	- 97,84,221=02
§ख§	अग्रिम	- 17,26,465=00
§ग§	अभिस्रव	- 25,91,274=85
§घ§	नगद	- 13,517=38
	कुल:-	1,41,15,478=25

रोजनामचा बही के अनुसार उपर्युक्त राशि का बैंकवार विवरणी निम्नप्रकार है :-

क्र0	बैंक का नाम	खाता नं0	मद	रोजनामचा बही के अनुसार अवशेष राशि।	बैंक पासबुक के अनुसार अवशेष राशि	तत्यापन की तिथि	बैंक समाधान विवरण के अनुसार-राशि
1-	इलाहाबाद बैंक, मंझारापुर	002चालू खाता	सामान्य	1,17,436=00	1,06,761=00	-	1,06,661=00
2-	तदैव	2596बचत खाता	सामान्य	1,72,335=79	2,03,272=79	-	2,03,272=79

लगातार..... 17/-

3-	इलाहाबाद बैंक, मोरापुर	2815-बचत खाता	ई0आवास-80%	32,07,708=00	22,48,387=00	-	22,48,887=00
4-	तदैव	2816-बचत खाता	ई0आवास-20%	6,25,609=00	6,25,609=00	18.12.02	6,25,609=00
5-	तदैव	2817-बचत खाता	बु0न्यू0सेवा	8,24,780=00	8,24,780=00	18.12.02	8,24,780=00
6-	तदैव	2818-बचत खाता	बु0रो0यो0	7,77,750=00	7;77,750=00	18.12.02	7,77,750=00
7-	तदैव	2819-बचत खाता	ज0रो0यो0	99,244=00	99,244=00	18.12.02	99,244=00
8-	तदैव	2820-बचत खाता	मातृत्व लाभ	30,465=00	30,465=00	18.12.02	30,465=00
9-	तदैव	2821-बचत खाता	ग्राम वित्त आयोग	74,007=00	74,007=00	18.12.02	74,007=00
10-	तदैव	2822-बचत खाता	विधान मंडल	10,29,176=00	10,29,176=00	18.12.02	10,29,176=00
11-	तदैव	2823-बचत खाता	ब्याज	34,486=00	34,486=00	-	34,486=00
12-	तदैव	2824-बचत खाता	एकादश वित्त आ.	67,653=00	67,653=00	-	67,653=00
13-	मधुबनी क्षे0ग्रा0बैंक, सिसवार	10-चालू खाता	सामान्य	2,12,414=00	2,12,414=00	05-07-02	2,12,414=00
14-	तदैव	24615बचत खाता	पू0आ0यो0 (80% एवं 20%)	6,48,819=00	8,08,640=00	-	8,08,640=00
15-	तदैव-सुगापट्टी	2155-बचत खाता	विधायक कोष	5,73,867=00	5,73,867=00	-	5,73,867=00
16-	तदैव-फुलपरास	5824-बचत खाता	रा0वृ0पेंशन	1,13,484=00	1,13,484=00	27.11.02	1,13,484=00
17-	तदैव-फुलपरास	6003-बचत खाता	सांसद कोष	9,72,666=00	9;72,666=00	-	9,72,666=00
18-	तदैव-घोघरडीहा	19-चालू खाता	सामान्य	43,154=20	34,040=20	-	34,040=00
19-	तदैव-अहरियासंग्राम	28-चालू खाता	सामान्य	8,480=08	9,482=08	-	8,480=08
20-	तदैव-अहरियासंग्राम	3869-बचत खाता	सा0बु0पेंशन	1,36,153=00	1,36,153=00	-	1,36,153=00
21-	तदैव-अहरियासंग्राम	3879-बचत खाता	सामान्य	508=00	508=00	-	508=00
22-	स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, झंझारपुर ।	01000050201 चालू खाता ।	सामान्य	22,025=95	8,21,015=95	-	8,22,025=95
	कुल योग :-			97,84,221=02	98,04,361=02	-	98,04,269=00

उपर्युक्त तालिका के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि बैंक रिकॉन्सीलियेशन कराया गया है, जिसके अनुसार क्रमांक 1, 19 एवं 22 के खाते का बैंक समाधान संचालन के प्रारम्भ से कराने की आवश्यकता है । रोकड़ बही के उपर्युक्त तालिका के अवलोकन से यह स्पष्ट

लगातार....18/-

होता है कि इसका संधारण अभी भी सही ढंग से नहीं किया जा रहा है,जो खेदजनक है । अधोहस्ताक्षरी द्वारा बार-बार निर्देश दिये जाने के बावजूद भी चालू खाता में पैसा रखा जा रहा है । सभी राशि को बचत खाता में रखने का निर्देश पूर्व में ही दिया गया है , परन्तु उसका अनुपालन नहीं किया जा रहा है । प्रखंड विकास पदाधिकारी इस संबंध में अपना स्पष्टीकरण दें । रोकड़ पंजी के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि सा0सु0पेंशन योजना मद में 4, 02, 029/-रूपया, राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना में 1, 13, 543/-रूपया, सांसद कोष योजना मद में 14, 73, 203/-रूपया, विधायक कोष योजना मद में 16, 03, 043/-रूपया, इन्दिरा आवास योजना(80%) में 38, 38, 694/-रूपया, इन्दिरा आवास योजना(20%) में 6, 66, 657/-रूपया, बुनियादी न्यूनतम सेवा कार्यक्रम मद में 9, 62, 964/-रूपया, सुनिश्चित रोजगार योजना मद में 12, 93, 555/-रूपया, कल्याण मद में 3, 99, 330/-रूपया, प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना(80% एवं 20%) में 6, 49, 819/-रूपया , पंचायत निर्वाचन मद में 1, 26, 626/-रूपया, स्वर्ण जयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना मद में 5, 96, 516/-रूपया, प्रोत्साहन भत्ता मद में 7, 41, 573/-रूपया, 2015-निर्वाचन में 1, 74, 995/-आदि अप्रत्याशित रूप से पड़े हुए हैं एवं इसे खर्च करने की दिशा में कोई कारगर कार्रवाई नहीं की जा रही है । प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया जाता है कि उपर्युक्त राशि की छानबीन कर लें कि यदि राशि खर्च करने योग्य नहीं है, तो अविलम्ब कोषागार चलान/चेक द्वारा जिला कार्यालय को वापस कर दें । किसी भी शीर्ष में अनावश्यक रूप से अधिक राशि अवशेष रहने के कारण विचलन की संभावना बढ़ जाती है । पोषाहार कार्यक्रम के अन्तर्गत अभी भी 88, 317/-रूपया अवशेष पड़ा हुआ है, जिसे शीघ्र वितरण करने का निर्देश दिया गया । क्षाम वित्त आयोग के अन्तर्गत 88, 317/-रूपया अवशेष दिखलाया गया है, जिससे शीघ्र शौचालय निर्माण कर राशि समाप्त करने का निर्देश दिया गया । विकास कार्यों की मासिक बैठक में बार-बार निर्देश दिये जाने के बावजूद बुनियादी न्यूनतम सेवा कार्यक्रम के अन्तर्गत राशि जिला कार्यालय को वापस नहीं किया गया है, जो खेद की बात है । प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया जाता है कि बुनियादी न्यूनतम सेवा कार्यक्रम के तहत अवशेष राशि 9, 62, 964/-रूपया अविलम्ब जिला कार्यालय को वापस करें । इन्दिरा आवास योजना(80%) के तहत बहुत अधिक राशि अवशेष पड़ी हुई है, जिसका भुगतान लाभार्थियों के बीच कैम्प कर अविलम्ब भुगतान करना सुनिश्चित करें । पंचायत चुनाव मद में 1, 26, 626/-रूपया अवशेष पड़ा हुआ है, जिसका समायोजन शीघ्र किया जाय । यदि राशि की आवश्यकता न हो तो उसे जिला पंचायत कार्यालय को वापस किया जाय । प्रोत्साहन भत्ता मद में 7, 41, 573/-रूपया अवशेष दिखलाया गया है । प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि दो वर्षों से राशि का समायोजन नहीं हो रहा है । इसमें वित्तीय अनियमितता के साथ-साथ सरकारी राशि के गबन होने की संभा

लगातार....19/-

19

से इन्कार नहीं किया जा सकता है । प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया जाता है कि इस संबंध में तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी से स्पष्टीकरण पूछा जाय । साथ ही इस योजना के अन्तर्गत प्राप्त अभिश्रव की जाँच कर समायोजन एक सप्ताह के अन्दर करना सुनिश्चित करें एवं अनुपालन प्रतिवेदन भेजें । रोकड़ बही के अवलोकन से यह भी स्पष्ट होता है कि अभी भी सभी बैंक खाता कार्यक्रमवार नहीं खोला गया है । प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना, विधायक/पार्षद कोष योजना के तहत अभी भी अलग-अलग बैंक खाता नहीं खोला गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया जाता है कि सभी कार्यक्रम के लिए अलग-अलग बैंक खाता खोलना सुनिश्चित करें ।

{30} अग्रिम :-

रोकड़ बही के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि अस्थायी अग्रिम के रूप में विभिन्न सरकारी सेवकों को कुल 17,26,465=00 रुपया अग्रिम स्वरूप दी गयी है, जो बहुत बड़ी राशि है । विभिन्न सरकारी सेवकों को दी गयी अग्रिम की राशि निम्नवत है :-

क्रमांक	नाम	पदनाम	अग्रिम की राशि	अग्रिम की तिथि	अग्रिम का प्रयोजन
1-	श्री विजय नारायणलालदास	कनीय लेखालिपिक	27,500=00	23-07-2001	वेतन अग्रिम ।
2-	श्री जगदीश कुमार कर्ण	सहायक	63,131=00	06-04-2002	छात्रवृत्ति भुगतान हेतु।
3-	श्री कपिलदेव त्रिवेदी	जनसेवक	2,100=00	30-03-2002	पेंशन भुगतान हेतु ।
4-	श्री राम नारायण	पंचायत सेवक	43,050=00	18-01-2002	तदैव
5-	श्री नारायण यादव	पंचायत सेवक	9,000=00	25-01-2002	तदैव ।
